# 5 लाख टन कच्ची चीनी का आयात मंजूर

नई दिल्ली (ब्यूरो)। चालू चीनी सीजन (अक्तूबर-सितंबर) में कम उत्पादन को देखते हुए सरकार ने बिना शुल्क के 5 लाख टन कच्ची चीनी आयात का फैसला किया है। फिलहाल चीनी के आयात पर 40 फीसदी का शुल्क लगता है।

हालांकि सरकार ने कहा है कि पिछले सीजन के बचे हुए स्टॉक के चलते घरेलू खपत के लिए चीनी की कमी नहीं होगी। 5 लाख टन कच्ची चीनी का आयात 12 जून तक किया जाना है। चीनी उद्योग के मुताबिक देश में चालू चीनी सीजन में 200 लाख टन तक चीनी के उत्पादन का अनुमान है जो कि पिछले चीनी सीजन के मुकाबले लगभग 50 लाख टन कम है। भारतीय चीनी मिल संघ ने पिछले साल सितंबर में चालू चीनी सीजन में 234 लाख टन चीनी के उत्पादन का अनुमान लगाया था। हाल ही में संघ ने इस अनुमान को घटाकर 200.3 लाख टन कर दिया है।